# शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद (छत्तीसगढ़)

## (अग्रणी महाविद्यालय, जिला -बालोद)

### रंगोली प्रतियोगिता का प्रतिवेदन

छत्तीसगढ़ में सेवा संकल्प अभियान 2026(17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक)के अंतर्गत दिनांक 22 सितंबर 2026 को बालोद जिला के समस्त महाविद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं रचनात्मक वातावरण में किया गया। रंगोली प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रीय सेवा भावना को सुदृढ़ करना तथा विकसित भारत के सपने और संकल्प को रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से जनसामान्य तक पहुँचाना था। प्रतियोगिता का प्रमुख विषय "जनकल्याणकारी योजनाएँ, राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत का सपना" रखा गया था।


शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालोद (छत्तीसगढ़) द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालयीन विद्यार्थियों एवं अन्य नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में लगभग 27 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी कलात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने निर्धारित विषय को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रंगों एवं कलात्मक माध्यमों से आकर्षक रंगोलियों का निर्माण किया। रंगोलियों के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, राष्ट्रीय प्रतीकों तथा विकसित भारत की परिकल्पना को अत्यंत प्रभावशाली एवं संदेशपरक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन ने प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्रीय भावना से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।





प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु महाविद्यालय की सहा॰ प्रा॰ डॉ. दीपाली राव, सहा॰ प्रा॰ डॉ. स्वाति वैष्णव, तथा अतिथि व्याख्याता डॉ. एकता सिंह ने निर्णायक मंडल के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायकगण द्वारा प्रतिभागियों की रंगोलियों का विषय-वस्तु, रचनात्मकता, कलात्मक प्रस्तुति, संदेश की स्पष्टता तथा समग्र प्रभाव के आधार पर मूल्यांकन किया गया।






प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान यश कुमार (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान कंचन तारम (बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर दुर्गेश्वरी (एल.एल.बी. तृतीय सेमेस्टर) तथा दीपा (बी.एससी. बायो प्रथम सेमेस्टर) ने संयुक्त रूप से अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।




**प्रथम स्थान -यश कुमार**




**द्वितीय स्थान- कंचनतारम**




**तृतीय स्थान – दुर्गेश्वरी**




**तृतीय स्थान -दीपा**

रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ. जे. के. खलखो (प्राचार्य), सहायक नोडल अधिकारी श्री सी. डी. मानिकपुरी (सहायक प्राध्यापक) के मार्गदर्शन में एवं महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. एच. एल. मानकर, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग तथा कार्यक्रम प्रभारी सहा॰ प्रा॰ श्री शैलेन्द्र आर्य, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के निर्देशन में सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आयोजन में सहायक प्राध्यापक रितु पिस्दा, अतिथि व्याख्याता डॉ. नीरज वर्मा, डॉ. रवि शंकर सिंह, डॉ. पूनम चंद गुप्ता, श्री सुब्रत मंडल, डॉ. डिगेश्वरी देवांगन, श्री रानू देशलहरा, डॉ. नेहा, सुश्री आकांक्षा ध्रुव, डॉ. शहनाज बेगम, सुश्री पूर्णिमा पठारे, श्रीमती सरिता कोरेटी, श्रीमती गायत्री साहू, एवं सुश्री शोभा वैष्णव सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।






रंगोली प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों में विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। विभिन्न रंगों से सुसज्जित रंगोलियों ने न केवल कार्यक्रम स्थल की सुंदरता बढ़ाई, बल्कि उनमें निहित संदेशों ने उपस्थित लोगों का ध्यान भी आकर्षित किया। प्रतिभागियों ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं के महत्व, राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान तथा विकसित भारत की संकल्पना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रकार यह प्रतियोगिता कला, रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्रीय भावना का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करने में सफल रही।

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं नागरिकों को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप आयोजित इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझने का अवसर प्रदान किया। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएँ प्रदान की गईं तथा उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की गई।

**जिले के अन्य महाविद्यालयों में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के अंतर्गत आकर्षक रंगोली :**

- **<u>शासकीय नवीन महाविद्यालय, माहुद बी</u>**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान कु॰ पिंकी (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान कु॰ रानी (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर कु॰ छबिलता (बी.कॉम॰ प्रथम सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।











➢ **भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय, बालोद**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान कु॰ दिव्या (बी.एस॰सी. पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान कु॰ तान्या (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर कु॰ यामिनी साहू (बी.ए॰ प्रथम सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।










➢ **दाऊ मोहन लाल शासकीय महाविद्यालय बासीन, बालोद**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान कु॰ गूंजा (बी.एस॰सी. पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान कु॰ भवानी (बी.ए. प्रथम  सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर कु॰  मोनिका  (बी.ए॰ तृतीय सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।













➢ **शासकीय नैमीचन्द जैन महाविद्यालय, दल्लीराजहरा**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान खुशी जायसवाल (एम॰ए॰ तृतीय सेमेस्टर हिन्दी) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान संगीता (एम॰ए॰ तृतीय सेमेस्टर हिन्दी) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर रीना (एम॰कॉम॰ प्रथम सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।








➢ **शहीद गैंदसिंह नायक शासकीय महाविद्यालय, मंगचुआ**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान गायत्री (बी.एस॰सी. तृतीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान शीतल (बी.कॉम. पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर रीना (बी.एस॰सी. पंचम सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।












➢ **नवीन शासकीय महाविद्यालय, जेवरतला**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान तरुणा चुरेन्द्र (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान तृप्ति साहू (बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर कुसुम (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।












➢ **शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुंडरदेही**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान कु॰ महिमा (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान कु॰ सुमन (एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर जय प्रकाश (बी.ए.सी॰ प्रथम सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।












➢ **शासकीय महाविद्यालय, खेरथा**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान लक्ष्मी गंवारे (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान मीनाक्षी (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर डिम्पल (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।









➤ **नवीन शासकीय महाविद्यालय, घोटिया**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान कामिनी (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान किरण (बी.कॉम. पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर दामिनी (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।









➢ **स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय, गुरूर**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान धारिणी (एम.ए. तृतीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान यामिनी (बी.कॉम. पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर तारिणी (पीजीडीसीए. प्रथम सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।




















## ➢ शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौंडीलोहारा

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान लोकांक्षा साहू (बी.कॉम. पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान देविका पटेल (बी.कॉम. पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर सुमन ठाकुर (बी.एस.सी. पंचम सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।



- **शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय, डौंडी**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान विद्या रानी (बी.ए. पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान करीना (बी.एस॰सी॰ पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर उम्मी निर्मलकर (बी.एस॰सी॰ पंचम सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।












➢ **मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय, अरमरीकला**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान कु॰ ढालेश्वरी (बी.एस॰सी॰ पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान कु॰ प्रेरणा (बी.एस॰सी॰ पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर कु॰ नम्रता (बी.एस॰सी॰ पंचम सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।







➢ **शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेलौदी**


प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान कु॰ दुर्गेश्वरी साहू (बी.एस॰सी॰ पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान कु॰ रेशमा साहू (बी.कॉम॰ पंचम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर कु॰ झामिता (बी.कॉम॰ पंचम सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।











➢ **शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा**

प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान विभा बांदे (बी.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान मोनिक (एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर अजय कुमार (एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर) ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन चयनित प्रतिभागियों को आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया।










अंततः, बालोद जिला के अंतर्गत सभी 16 शासकीय महाविद्यालयों में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत दिनांक 22-09-2026 को आयोजित रंगोली प्रतियोगिता एक सार्थक, रचनात्मक एवं जनजागरूकता परक आयोजन रहा। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को अपनी कला एवं प्रतिभा के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं, राष्ट्रीय प्रतीकों तथा विकसित भारत के संकल्प को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम की सफलता प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता, निर्णायक मंडल के निष्पक्ष मूल्यांकन तथा महाविद्यालय परिवार के समन्वित सहयोग का परिणाम रही।

श्री सी. डी. मानिकपुरी

सहा. प्राध्यापक एवं जिला सहायक नोडल अधिकारी

डॉ. डी. के. [illegible]
Principal
Govt. Ghanshyam Singh Gupta [illegible]

प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी